भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

01 दिसंबर 2018

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा राजस्थान के फलोदी (जिला जोधपुर) और बालोतरा एवं बायतू (जिला बाड़मेर) में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय है क्योंकि प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया के नेतृत्व में चल रही विकास यात्रा के साथ है। उन्होंने विकास-विरोधी कांग्रेस पार्टी और कन्फ्यूज्ड राहुल गाँधी को सबक सिखाने का मन बना लिया है

****

राज्य की जनता के सामने दो ही विकल्प हैं - एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभक्तों की टोली भाजपा है तो वहीं दूसरी ओर राहुल गाँधी के नेतृत्व में सत्ता को केवल उपभोग का माध्यम समझने वाली कांग्रेस पार्टी जिसका न तो नेता है, न नीति, न नीयत और न ही कोई सिद्धांत

****

सेना के सर्जिकल स्ट्राइक से पूरे देश में खुशियों की लहर दौड़ गई लेकिन राहुल गाँधी तब इसका सबूत मांग रहे थे। अब राहुल गाँधी कह रहे हैं उत्तर प्रदेश का चुनाव जीतने के लिए मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक की। कन्फ्यूज्ड राहुल गाँधी को देश के वीर शहीदों का अपमान करने के लिए शर्म आनी चाहिए

****

राहुल गाँधी, आपको मालूम नहीं कि सर्जिकल स्ट्राइक से क्या फर्क पड़ा है, आज सेना के बहादुर जवानों के मन में यह विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार उनके पीछे चट्टान की तरह खड़ी है

****

कांग्रेस पार्टी गाँधी-नेहरू परिवार की प्राइवेट फर्म है जहां कोई आंतरिक लोकतंत्र नहीं है और जिस पार्टी में कोई आंतरिक लोकतंत्र नहीं हो, वह पार्टी न तो देश का भला कर सकती है और न ही प्रदेश का

****

कांग्रेस “एक परिवार” की पार्टी है जबकि भारतीय जनता पार्टी समग्र राष्ट्र की आवाज है। आज देश में केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जिसमें एक गरीब घर का बेटा भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है और एक साधारण-सा बूथ स्तर का कार्यकर्ता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष

****

राहुल गाँधी तनिक राजस्थान की जनता को ये तो बताएं कि कांग्रेस पार्टी का राजस्थान में सेनापति कौन है? जिस सेना का सेनापति ही तय न हो, वह विजय कैसे प्राप्त कर सकती है!

****

राहुल गाँधी को राजस्थान और मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की जीत का स्वप्न दिखाई दे रहा है लेकिन दिवास्वप्न देखने से पहले राहुल गाँधी को 2014 से लेकर अब तक देश में हुए चुनावों का इतिहास देख लेना चाहिए। आज तो कांग्रेस दूरबीन से भी ढूँढ़ने पर देश में नहीं दिखाई देती

****

राहुल गाँधी एंड कंपनी हमसे मोदी सरकार के साढ़े चार सालों के कामकाज का हिसाब मांग रहे हैं जबकि राजस्थान की जनता राहुल गाँधी से उनकी चार पीढ़ियों के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है

****

मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में राजस्थान को विकास के लिए 2,63,580 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं जबकि सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार ने 13वें वित्त आयोग में राजस्थान को महज 1,09,244 करोड़ रुपये ही आवंटित किये थे

****

जिस काम को कांग्रेस आजादी के 70 सालों में भी पूरा नहीं कर पाई, इसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने साढ़े चार वर्षों में ही कर दिखाया है

****

मोदी सरकार ने किसानों को उनकी फसल के लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने का निर्णय लिया जिससे किसानों की आय को बढ़ाने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा, स्वायल हेल्थ कार्ड, ई-मंडी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आदि योजनाओं से किसानों के जीवन में बदलाव आ रहा है

****

राजस्थान में कांग्रेस प्रत्याशी अपने ही पार्टी कार्यकर्ताओं पर ‘भारत माता की जय’ की जगह ‘सोनिया गाँधी जिंदाबाद’ के नारे लगाने का दवाब डालते हैं। इस देश में जिस किसी को भी ‘भारत माता की जय’ बोलने में शर्म महसूस होती है, वे भारत और राजस्थान का भला नहीं कर सकते

****

राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी को अवैध घुसपैठियों के मानवाधिकार की चिंता है लेकिन देश के जवानों, किसानों और गरीब जनता के मानवाधिकार की चिंता नहीं है। हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, हमारे लिए वोट बैंक महत्वपूर्ण नहीं है, हमारे लिए राष्ट्र की सुरक्षा सर्वप्रथम है

****

आप फिर से 2018 में राजस्थान में वसुंधरा सरकार और 2019 में देश में मोदी सरकार बना दीजिये, चुन-चुन कर अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर किया जाएगा

****

कांग्रेस की गहलोत सरकार राजस्थान को 'बीमारु प्रदेश' में तब्दील कर के गई थी, वसुंधरा सरकार के पांच साल में राजस्थान 'विकसित प्रदेश' बना है, अगले पांच सालों में वसुंधरा सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुआई में राजस्थान को एक 'समृद्ध प्रदेश' के रूप में प्रतिष्ठित करेगी

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज राजस्थान के फलोदी (जिला जोधपुर) और बालोतरा एवं बायतू (जिला बाड़मेर) में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित किया और भ्रष्टाचार की पर्याय बन चुकी कांग्रेस पार्टी पर करारा प्रहार किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान का चुनाव प्रदेश का भविष्य तय करने वाला है। उन्होंने कहा कि **राज्य की जनता के सामने दो ही विकल्प हैं - एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभक्तों की टोली भाजपा है तो वहीं दूसरी ओर राहुल गाँधी के नेतृत्व में सत्ता को केवल उपभोग का माध्यम समझने वाली कांग्रेस पार्टी जिसका न तो नेता है, न नीति, न नीयत और न ही कोई सिद्धांत।** उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी तनिक राजस्थान की जनता को ये तो बताएं कि कांग्रेस पार्टी का राजस्थान में सेनापति कौन है? जिस सेना का सेनापति ही तय न हो, वह विजय कैसे प्राप्त कर सकती है!** उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के 19 राज्यों में जनता की सेवा में अहर्निश लगी हुई है जबकि राजस्थान में श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में विकास की नई कहानी लिख रही है।**

श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी को राजस्थान और मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की जीत का स्वप्न दिखाई दे रहा है लेकिन दिवास्वप्न देखने से पहले राहुल गाँधी को 2014 से लेकर अब तक देश में हुए चुनावों का इतिहास देख लेना चाहिए। आज तो कांग्रेस दूरबीन से भी ढूँढ़ने पर देश में नहीं दिखाई देती।** उन्होंने कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी सरकार अंगद का पाँव है, जिसे कोई डिगा नहीं सकता।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **राहुल गाँधी एंड कंपनी हमसे मोदी सरकार के साढ़े चार सालों के कामकाज का हिसाब मांग रहे हैं जबकि राजस्थान की जनता राहुल गाँधी से उनकी चार पीढ़ियों के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में राजस्थान को विकास के लिए 2,63,580 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं जबकि सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार ने 13वें वित्त आयोग में राजस्थान को महज 1,09,244 करोड़ रुपये ही आवंटित किये थे।** उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त केन्द्रीय योजनाओं में राजस्थान को केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से लगभग 36,000 करोड़ रुपये की राशि दी गई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीबों के घर में गैस पहुंचाने का काम किया है, स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से हर घर में शौचालय पहुंचाया है, सौभाग्य योजना से हर घर में बिजली पहुंचाई है, मुद्रा बैंक योजना से स्वरोजगार का अभियान चलाया है और अब देश के लगभग 50 करोड़ गरीब लोगों को 5 करोड़ रुपये का स्वास्थ बीमा उपलब्ध कराकर गरीबों को बहुत बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि **जिस काम को कांग्रेस आजादी के 70 सालों में भी पूरा नहीं कर पाई, इसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने साढ़े चार वर्षों में ही कर दिखाया है।** आजादी के वक्त से ही देश के किसान अपनी फसल के उच्च समर्थन मूल्य की मांग कर रहे थे लेकिन कांग्रेस की केंद्र सरकार आँखें मूंद बैठी रहीं। उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने किसानों को उनकी फसल के लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने का निर्णय लिया जिससे किसानों की आय को बढ़ाने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा, स्वायल हेल्थ कार्ड, ई-मंडी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आदि योजनाओं से किसानों के जीवन में बदलाव आ रहा है।**

श्री शाह ने कहा कि **विकास किसे कहते हैं, इसे वसुंधरा सरकार ने पिछले पांच सालों में चरितार्थ कर दिखाया है। लोगों को पहली बार यह अनुभव हुआ है कि विकास करने वाली सरकार कैसी होती है।** उन्होंने कहा कि **वसुंधरा सरकार ने राजस्थान में हर क्षेत्र विकास की नई परिभाषा को गढ़ा है।** उन्होंने कहा कि भामाशाह स्वास्थ्य योजना से 24 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 32 लाख महिलाओं को गैस के कनेक्शन मिले हैं, मुद्रा योजना से राज्य के लगभग 40 लाख लोगों को स्वरोजगार मिला है, लगभग 13 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिला है, लगभग 50 लाख महिलाओं को मोबाइल मिला है, लगभग 11 लाख बालिकाओं को राजश्री योजना का फायदा मिला है, 80 लाख शौचालयों का निर्माण हुआ है, बेटियों को लैपटॉप और स्कूटी मिली है और राज्य के 40 लाख से अधिक किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा से लाभान्वित हुए हैं। लाखों युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के तहत प्रशिक्षित किया गया है।

कांग्रेस की गहलोत सरकार के कारनामों से वसुंधरा सरकार की उपलब्धियों की तुलना करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **पांच वर्ष पूर्व कांग्रेस की गहलोत सरकार के समय राजस्थान का बजट महज 94,000 करोड़ रुपये था जबकि वसुंधरा सरकार के समय यह बढ़ कर 2,12,000 करोड़ रुपये तक पहुँची है।** उन्होंने कहा कि **गहलोत सरकार केवल 52,000 करोड़ रुपये का ही राजस्व अर्जित कर पाती थी जबकि वसुंधरा सरकार के प्रयासों के कारण यह अब बढ़ कर 103000 करोड़ रुपये तक पहुंचा है। प्रति व्यक्ति आय पांच वर्ष में ही 61,000 रुपये से बढ़ कर 76,000 रुपये हो गई है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सुरक्षित, सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है।** पूरे विश्व में भारत की मान-प्रतिष्ठा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार में आये दिन सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ होती रहती थी। उरी में जब पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादियों ने हमारे सोये हुए वीर सैनिकों को शहीद कर दिया तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प और जवानों की अद्भुत वीरता के बल पर हमने दुश्मन के घर में घुस कर सर्जिकल स्ट्राइक की और आतंकवादियों को उसी की भाषा में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि **सर्जिकल स्ट्राइक से पूरे देश में खुशियों की लहर दौड़ गई लेकिन राहुल गाँधी तब सर्जिकल स्ट्राइक सबूत मांग रहे थे। अब राहुल गाँधी कह रहे हैं उत्तर प्रदेश का चुनाव जीतने के लिए मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक की। कन्फ्यूज्ड राहुल गाँधी को देश के वीर शहीदों का अपमान करने के लिए शर्म आनी चाहिए।** अरे राहुल गाँधी, आपको मालूम नहीं पड़ेगा कि सर्जिकल स्ट्राइक से क्या फर्क पड़ा है, आज पूरे विश्व में भारत को एक अलग नजरिये से देखा जाने लगा है। उन्होंने कहा कि **आज सेना के बहादुर जवानों के मन में यह विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार उनके पीछे चट्टान की तरह खड़ी है।**

श्री शाह ने कहा कि **राजस्थान में कांग्रेस प्रत्याशी अपने ही पार्टी कार्यकर्ताओं को 'भारत माता की जय' नहीं बोलने देते और उन पर 'सोनिया गाँधी जिंदाबाद' के नारे लगाने का दवाब डालते हैं।** उन्होंने कहा कि **इस देश में जिस किसी को भी 'भारत माता की जय' बोलने में शर्म महसूस होती है, वे भारत और राजस्थान का भला नहीं कर सकते।** उन्होंने कहा कि **हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, मरणासन्न अवस्था में भी रहने पर 'भारत माता की जय' का उद्घोष करने के लिए हमारे प्राण भी कुछ क्षणों के लिए वापिस आ जाते हैं। राहुल गाँधी, आपकी मंशा राजस्थान की जनता को मालूम है, वह राज्य में कभी भी भ्रष्टाचार की पोषक कांग्रेस पार्टी की सरकार को सत्ता में नहीं आने देगी।**

कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी गाँधी-नेहरू परिवार की प्राइवेट फर्म है जहां कोई आंतरिक लोकतंत्र नहीं है और जिस पार्टी में कोई आंतरिक लोकतंत्र नहीं हो, वह पार्टी न तो देश का भला कर सकती है और न ही प्रदेश का।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस "एक परिवार" की पार्टी है जबकि भारतीय जनता पार्टी समग्र राष्ट्र की आवाज है। आज देश की लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों में केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जिसमें एक गरीब घर का बेटा भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है और एक साधारण-सा बूथ स्तर का कार्यकर्ता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष।**

श्री शाह ने कहा कि 1970 से देश अवैध घुसपैठ की समस्या का सामना कर रहा है लेकिन जब हमने असम में घुसपैठियों की पहचान के लिए जब हमने एनआरसी को बनाना शुरू किया तो कांगेस एंड कंपनी अवैध घुसपैठियों के पक्ष में खड़ी हो गई। उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी को अवैध घुसपैठियों के मानवाधिकार की चिंता है लेकिन देश के जवानों, किसानों और गरीब जनता के मानवाधिकार की चिंता नहीं है।** उन्होंने कहा कि **हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, हमारे लिए वोट बैंक महत्वपूर्ण नहीं है, हमारे लिए राष्ट्र की सुरक्षा सर्वप्रथम है, चाहे इसके लिए अपने प्राणों की ही आहुति**

क्यों न देनी पड़े। उन्होंने राजस्थान की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि **आप फिर से 2018 में राजस्थान में वसुंधरा सरकार और 2019 में देश में मोदी सरकार बना दीजिये, चुन-चुन कर अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर किया जाएगा।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **कांग्रेस की गहलोत सरकार राजस्थान को 'बीमारु प्रदेश' में तब्दील कर के गई थी, वसुंधरा सरकार के पांच साल में राजस्थान 'विकसित प्रदेश' बना है, अगले पांच सालों में वसुंधरा सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुआई में राजस्थान को एक 'समृद्ध प्रदेश' के रूप में प्रतिष्ठित करेगी।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव